**खबर संक्षेप**

## महिला द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में तीन पर मामला दर्ज

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरई में एक नव विवाहिता की गई आत्महत्या के मामले में जांच उपरांत पुलिस ने ससुराल पक्ष की एक महिला सहित दो व्यक्तियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार 27 दिसंबर 2025 को महिला ने खुदकुशी कर ली थी। मामले की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि ससुराल पक्ष के रमेश चौधरी, शिवम चौधरी और फूला बाईं चौधरी द्वारा मृतिका महिला के साथ लगातार अभद्र व्यवहार किया जा रहा था। आरोपियों ने मृतिका की बेइज्जती की और उसे इस कदर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया कि उसने क्षुब्ध होकर आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच की। जांच के उपरांत 12 जनवरी की रात पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया। आरोपितों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने स्वयं इस मामले की कमान संभाली है और उनके द्वारा विवेचना की जा रही है।

## कलेक्टर ने जिले में पशु चारा निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

**कटनी।** आगामी माहों में पशु चारा की उपलब्धता पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के दृष्टिगत जिले में पशु चारा, भूसा की उपलब्धता बनाये रखने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने मध्यप्रदेश पशु चारा (निर्यात नियंत्रण) आदेश 2000 में निहित प्रावधानों के तहत समस्त प्रकार के पशु चारा करबी (ज्वार के डण्ठल), पैरा (धान के डण्ठल), गेहूँ का भूसा, घास, तथा पशुओं द्वारा खाये जाने वाले चारे की अन्य किस्मों के कटनी जिले की सीमा के बाहर निर्यात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जारी आदेश में कहा है कि कोई भी कृषक, व्यापारी या व्यक्ति निर्यातक, किसी भी प्रकार के वाहन (नाव, मोटर, रेल, ट्रक, यान, बैलगाडी अथवा पैदल) द्वारा कटनी जिले से अन्य जिलों में कलेक्टर की अनुज्ञा पत्र के बिना पशु चारे का निर्यात नहीं करेगा। इसके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति पशु चारे के निर्यात करने का प्रयास नहीं करेगा तथा निर्यात करने का दुष्प्रेरण नहीं करेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## श्रीराम महायज्ञ आज से

**स्लीमनाबाद।** ग्राम पंचायत राखी स्थित रमैया बाबा कुटी धाम में मकर संक्रांति से संत बनवारी दास महाराज के सानिध्य में श्रीराम महायज्ञ शुरू होगा। श्रीराम महायज्ञ में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा आयोजित होगी। भागवत कथा वाचन साध्वी पुष्पा देवी के मुखार विंद से किया जायेगा। वही गायक सत्येंद्र असाठी के द्वारा धार्मिक भजनों व गीतों की प्रस्तुतियाँ दी जाएगी। 14 जनवरी से 21 जनवरी तक श्रीराम महायज्ञ चलेगा। यज्ञ समिति ने सभी लोगों से पहुंचकर धर्म लाभ लेने को कहा है।

### जनप्रतिनिधियों की अनदेखी एवं प्रशासनिक उपेक्षा से धरोहरे खोती जा रही पहचान

# अस्तित्व पर संकट : बारह माह रहता है तपत कुंड में गर्म जल, उपेक्षा से वीरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद





जिले में ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता वाली धरोहरों की प्रशासनिक स्तर पर लगातार उपेक्षा से उनके अस्तित्व पर संकट गहराता जा रहा है। बिलहरी, कारीतलाई, रीठी क्षेत्र में पुरातात्विक एवं धार्मिक महत्व वाली ऐसी ऐतिहासिक धरोहरें बिखरी पड़ी है जिन्हें सुरक्षित एवं सहेजने के लिए गंभीरता से प्रयास नहीं किये जा रहे हैं।

स्लीमनाबाद स्थित तपत कुंड धाम प्रशासनिक उपेक्षा के चलते धीरे धीरे अब अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। यह धार्मिक मान्यता स्थल अब वीरानी की कगार पर पहुँच गया है। इस स्थल को सहेजने व संवारने प्रशासनिक स्तर के अलावा स्थानीय लोग व जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी रुचि नही दिखाई जा रही है जिससे अब उक्त स्थल वीरान होता जा रहा है। इस स्थल में मकर संक्रांति पर्व से तीन दिवसीय मेला का आगाज आज से होगा जहां दूरदराज से बड़ी संख्या मे लोग मेला देखने तपत कुंड धाम पहुंचेंगे लेकिन मेला की विशेषता को दर्शाने वाला तपत कुंड धाम ही वीरान पड़ा हुआ है। जब उक्त कुंड मे बारहमासी जल रहता है जो गर्म रहता है।

### रामभक्त माता शबरी का हुआ था ठहराव ,मिली थी पहचान

स्लीमनाबाद तपत कुंड धाम के विषय में मान्यता है कि यहां त्रेतायुग में रामभक्त महा तपस्विनी माता शबरी रुकी हुई थी जिसने उक्त स्थल पर तप किया था जिसके कारण उक्त कुंड का जल बारह माह हमेशा गर्म ही रहता था। इस कुंड की दृश्यता व विशेषता को देखने बडी संख्या मे लोग आते थे। लेकिन अब धीरे धीरे पुरातन धरा को आगे बढाने युवा पीढ़ी के द्वारा ध्यान न देने से महत्वता कम हो रही है। शबरी आदिवासी विकास समिति के सदस्यों ने बताया कि तपत कुंड धाम भगवान श्रीराम की भक्त शबरी का तपोस्थल है।तपोस्थल की महत्वता जीवन पर्यंत बनी रहे इसके लिए शबरी मंदिर का निर्माण कराया गया।

गौरतलब है कि कोविड महामारी के चलते तीन वर्षों तक मेला आयोजन नही हुआ ।जिस कारण मेले की महत्वता मैं भी कमी आई। हालांकि गत वर्ष मेले को लेकर प्रचार-प्रसार किया गया है।जिससे मेला पुनः अपने पुरातन की लौटे। तपत कुंड धाम को सहजेने व सवारने समिति के द्वारा आगे निर्णय लेकर कार्य किया जाएगा।

### कलेक्टर के समक्ष रखा जाएगा प्रस्ताव : प्रदीप त्रिपाठी

इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य प्रदीप त्रिपाठी का कहना है कि स्लीमनाबाद का तपत कुंड धाम अपनी महत्वता को लेकर जाना जाता था।उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप मे विकसित किया जाए इसके लिए कलेक्टर के समक्ष प्रस्ताव रखा जाएगा साथ ही सहजेने व संवारने के लिए प्रयास किये जायेंगे।

## खेलों एमपी यूथ गेम्स के तहत ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

मप्र के सबसे बड़े खेल महाकुंभ खेलों एमपी यूथ गेम्स की शुरुआत मंगलवार को हो गईं। खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत बहोरीबंद विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता आज से शुरू होगी जिसमें पहले दिवस बहोरीबंद उत्कृष्ट विद्यालय मै क्रिकेट खेल का आयोजन तों दूसरे दिवस स्लीमनाबाद के विलियम हैनरी स्कूल मै विभिन्न खेल प्रतियोगिता होंगी!खेल समन्वयक चेतना झा ने बताया किखेलो एमपी यूथ गेम के अंतर्गत उपरोक्त खेलो की ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा स्लीमनाबाद के विलियम हेनरी स्कूल में 15 जनवरी को सुबह 10:30 बजे से आयोजित हैं। इच्छुक खिलाड़ी हॉकी ,बॉक्सिंग ,एथलेटिक्स खो खो,टेबल टेनिस , मलखंब , कुश्ती , जूडो शतरंज ,वेटलिफ्टिंग ,फुटबाल ,वालीबाल क्रिकेट ,बैडमिंटन ,बास्केटबॉल ,टेनिस ,योग, कबड्डी, पिट्ठू, तैराकी, रस्साकसी की ट्रायल में सम्मिलित होना चाहते हैं। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करके एवं अपने सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे मूलनिवासी ,आधार, जन्म प्रमाण पत्र ,फोटो आदि लेकर स्वयं उपस्थित होकर इस ट्रायल में भाग ले सकते हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताये 28 से-खेल समन्वयक चेतना झा ने बताया किराज्य स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को लगभग 4 करोड़ रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। खेलों एमपी यूथ गेम्स में प्रथम पुरस्कार 31 हजार रूपए, द्वितीय 21 हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार 11 हजार रूपए रहेगा। चयन प्रक्रिया ब्लॉक स्तर से प्रारंभ होगी। ब्लॉकस्तरीय प्रतियोगिता मै चयनित खिलाडी जिला स्तरीय प्रतियोगिता मै भाग लेंगे। जिलास्तरीय प्रतियोगिताएं 16 से 20 जनवरी, संभागस्तरीय प्रतियोगिताएं 21 से 25 जनवरी और राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएं 28 से 31 जनवरी तक होंगी।खेलो एमपी यूथ गेम्स में कुल 28 खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## कलेक्टर ने घोषित किए तीन स्थानीय अवकाश

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने वर्ष 2026 के लिए कटनी जिले में तीन स्थानीय अवकाशों की घोषणा की है। इस वर्ष मकर संक्रांति पर 14 जनवरी को, 4 मार्च को और 19 अक्टूबर को जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा।

*मकर संक्रांति आज, तिल गुड़ के लड्डुओं से महकने लगे बाजार*

## सर्वार्थ सिद्दि और अमृत सिद्दि योग में मनेगी मकर संक्रांति, होंगे विविध धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

सूर्य आराधना और स्नानदान का पर्व मकर संक्रांति 14 जनवरी यानि आज बुधवार को मनाया जाएगा। वर्ष 2026 की मकर संक्रांति आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत विशेष होने वाली है। इस साल 23 साल बाद मकर संक्रांति और षटतिला एकादशी एक ही दिन पड़ रही हैं, जो अक्षय पुण्य फल देने वाला संयोग है। इससे पहले ऐसा शुभ संयोग साल 2003 में बना था। इसके साथ ही इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा है, जिससे दान-पुण्य और पूजा का महत्व कई गुना बढ़ गया है। सूर्य देव 14 जनवरी की दोपहर 3 बजकर 7 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। मकर संक्रांति के दिन से सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं, जिसे देवताओं का दिन और सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है।

शास्त्रों के अनुसार, दक्षिणायन को नकारात्मकता और उत्तरायण को सकारात्मकता का प्रतीक माना गया है। उत्तरायण होने से दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं, जो अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होने का संदेश देता है। मकर संक्रांति पर्व मनाने के लिए तिल से लेकर गिल्ली - डंडा व पतंग का बाजार अलग-अलग क्षेत्र में सज गया है। पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि इस साल मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाई जाएगी। वहीं इस दिन धनु राशि पर बुधादित्य राजयोग का निर्माण हो रहा है। बुधादित्य राजयोग का निर्माण बुध और सूर्य की युति से होगा। ऐसे में कुछ राशियों को आकस्मिक धनलाभ और भाग्योदय के योग बन रहे हैं।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन से सूर्य देव उत्तरायण होते है!इस कारण सूर्य का बढ़ता तेज सर्दी को कम करने लगता है ओर गर्मी बढ़ती है। मकर संक्रांति भगवान सूर्य का पर्व है। भगवान सूर्य अपने पुत्र मकर के घर पहुंचकर एक माह तक विश्राम मे रहते है। इस साल की मकर संक्रांति बेहद शुभ है। इस साल मकर संक्रांति पर कुछ खास योग बन रहे है।

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर नदी-सरोवरों मैं स्नान करने लोगो की भीड़ उमड़ेगी। बहोरीबंद के रुपनाथ,स्लीमनाबाद के तपत कुंड धाम व बिलहरी के गया कुंड में स्नान करने जनसैलाब उमड़ेगा। साथ ही इन तीनो जगह ही 14 जनवरी मकर संक्रांति से मेला आयोजन शुरू होगा।तिल-गुड़ के लड्डू से महकने लगे बाजार-मकर संक्रांति के चलते इन दिनों स्लीमनाबाद में तिल गुड़ के लड्डू और गजक की बिक्री का सिलसिला शुरू हो गया है। साथ ही बाजारों में तिल और गुड़ की बिक्री भी बढ़ गई है। व्यापारियों का कहना है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल मकर संक्रांति पर तिल के लड्डू महंगे पड़ेंगे। इस कारण बाजारों मैं तिल के लड्डू भी महंगे हैं।

## महाविद्यालय प्राचार्य की कलेक्टर से की गई शिकायत



ढीमरखेड़ा स्थित शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य ब्रज लाल अहिरवार के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, भ्रामक एवं मर्यादाहीन टिप्पणियां करने के आरोप में विवाद गहराता जा रहा है। मामले को लेकर छात्र संगठन द्वारा थाना ढीमरखेड़ा में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई, वहीं मंगलवार को ढीमरखेड़ा मुख्यालय स्थित माहात्मा गांधी ग्राउंड में आयोजित कलेक्टर जनसुनवाई में भी इस मुद्दे को उठाते हुए शिकायत प्रस्तुत की गई ।सागर शुक्ला के नेतृत्व में छात्र संगठन द्वारा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे को ज्ञापन सौंपकर की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्राचार्य द्वारा सोशल मीडिया मंच पर की गई टिप्पणियां शासकीय पद की गरिमा के विपरीत हैं, जिससे महाविद्यालय की छवि धूमिल हुई है और शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हुआ है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस प्रकार की टिप्पणियों से छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों में आक्रोश और असंतोष का माहौल है तथा समाज में भी गलत संदेश जा रहा है। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं कलेक्टर जनसुनवाई में भी शिकायत दर्ज होने से प्रशासनिक स्तर पर मामले की गंभीरता बढ़ गई है।

## पाँच साल से पीएफ हड़पकर बैठी एल एंड टी कंपनी के खिलाफ आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



काम खत्म होने की कगार देखकर मजदूरों का वेतन, पीएफ हड़पने वाली एल एंड टी कंपनी के विरोध में सभी मज़दूर धरने पर बैठ गए। अपनी माँगों को लेकर एल एंड टी कंपनी के सैकड़ों ने आज सुबह की पाली से ही काम बंद कर दिया और एनकेजे में स्थापित कारखाने के गेट के बाहर धरने पर बैठ गए। सभी मजदूरों ने भारतीय मज़दूर संघ के समर्थन में अपनी माँगों को प्रबंधन के बीच रखा है। भारतीय मज़दूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष और जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल ने बताया कि रेल विभाग ने एल एंड टी कंपनी को ग्रेड सेपरेटर का काम दिया है जो पिछले पाँच वर्षों से जिले में चल रहा है। कंपनी में सात सौ के लगभग मज़दूर काम कर रहे हैं। किसी भी मज़दूर का आज तक पीएफ जमा नहीं किया गया है। ईएसआईसी में कोई भी मज़दूर रजिस्टर्ड नहीं है। बारह घंटे प्रतिदिन काम लिया जा रहा है और वेतन मात्र बारह हजार दिया जा रहा है। विगत कई वर्षों से मजदूरों के हिस्से की मोटी रकम एल एंड टी कंपनी के द्वारा हड़पी जा रही है और प्रमुख नियोक्ता रेल विभाग चुपचाप देख रहा है। मजदूरों की माँग है कि तब तक पूरा पीएफ जमा नहीं हो जाता तब तक हड़ताल पर डटे रहेंगे। श्री पटेल ने आगे बताया कि कंपनी का ठेका समाप्ति की ओर है और मजदूरों से कोरे कागजों में दबाव डालकर हस्ताक्षर करवाये जा रहे हैं जो कि सरासर अन्याय है। गरीबों का हक़ मारकर कंपनी फरार होने की फिराक में है। संगठन ने कंपनी को ब्लैकलिस्टेड करने की माँग की है।

*स्वामी विवेकानंद की जयंती पर स्कूल कॉलेजों में हुए कार्यक्रम*

## सूर्य नमस्कार के आसनों एवं अनुलोम विलोम का किया गया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। स्कूलों, कॉलेजों सहित अन्य संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम आयोजित हुए।तेवरी स्थित शासकीय ठाकुर बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मै भी सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया!कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन से किया गया।इसके पूर्व जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह के निर्देशन पर स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें 36 बालक ओर 11 बालिकाओं ने सहभागिता की। संस्था प्रमुख मनोज हल्दकार, कार्यक्रम नोडल प्रभारी बलवीर सिंह एवं प्रतियोगिता प्रभारी व्यायाम शिक्षक महेंद्र सिंह तेवरी के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र/छात्राओं की उपस्थिति में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन आकाशवाणी प्रसारण के माध्यम से किया गया।

स्वदेशी संकल्प दौड़ में बालिका वर्ग में प्रथम अंजली कुशवाहा, द्वितीय अंशिका चौधरी, तृतीय अनामिका सिंह रही और बालक वर्ग में प्रथम भीष्म कुशवाहा, द्वितीय अंश सोनी व तृतीय सचिन सिंह रहे। इसके बाद सामूहिक सूर्यनमस्कार के सभी 12 स्टेप विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं जनप्रतिनिधियों, शाला परिवार के सदस्यों के द्वारा किया गया।इस दौरान आकाशवाणी द्वारा सीधे प्रसारित कार्यक्रम के साथ सूर्य नमस्कार की सभी 12 मुद्राओं को क्रमवार किया और प्राणायाम का अभ्यास भी किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार में प्रार्थना की मुद्रा, हस्त उत्तानासन, पादहस्तासन, अश्व संचालनासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन आदि 12 मुद्राओं का अभ्यास किया और अनुलोम. विलोम, भस्त्रिका एवं भ्रामरी प्राणायाम किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद ने नौजवानों को संदेश दिया था कि वे खेल मैदान में जाकर अपने आप को स्वस्थ व मजबूत बनाएं तो हम दुनिया के सभी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने संकल्प से सिद्धी अभियान के बारे में बताया।

### महापौर ने किया अमीरगंज कांजी हाउस का औचक निरीक्षण

## गौ सेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी: महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम द्वारा संचालित अमीरगंज स्थित कांजी हाउस में गौ माता एवं नंदियों की देखरेख को लेकर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने सोमवार को गौ सेवकों की उपस्थिति में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कांजी हाउस की समस्त व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि गौ सेवा से जुड़ा यह कार्य अत्यंत संवेदनशील है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

महापौर ने निरीक्षण के दौरान गौ माता एवं नंदियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कांजी हाउस परिसर में अतिरिक्त शेड लगाए जाने के निर्देश दिए, ताकि मौसम की मार से पशुओं को सुरक्षित रखा जा सके। इसके साथ ही परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने एवं रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु हाई मास्ट लाइट लगाने के लिए नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

महापौर ने पशुओं के लिए उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, पेयजल की शुद्धता एवं परिसर की साफ़-सफ़ाई की व्यवस्था की भी बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गौ माता एवं नंदियों को समय पर पर्याप्त चारा, स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। निरीक्षण के दौरान तैनात कर्मी का कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर महापौर ने तत्काल उसे अन्यत्र स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने वाले कर्मी को उक्त दायित्व सौंपने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित गौ सेवकों ने भी गौ माता एवं नंदियों को दी जा रही वर्तमान सुविधाओं में विस्तार की मांग रखते हुए अन्य समस्याओं से महापौर को अवगत कराया। उन्होंने पशुओं की संख्या के अनुरूप संसाधनों में वृद्धि, चिकित्सा सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर अपनी बात रखी। महापौर ने सभी मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा गौ सेवकों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

निरीक्षण के दौरान सुभाष साहू, डॉ. रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता, गोविंद चावला, उमेंद्र अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके साथ ही पार्षद श्रीमती सीमा श्रीवास्तव, वंदना राजकिशोर यादव, शकुंतला सोनी, श्रीमती रेखा संजय तिवारी, प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी आदि उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग के जिलास्तर के अधिकारियों ने ग्रामों का भ्रमण कर समाधान योजना की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



अधीक्षण अभियन्ता डी .एन. चोकीकर एवं कार्यपालन अभियंता श्रीमती शैलजा सिंह चौहान द्वारा वितरण केंद्र ढीमरखेडा में टॉप 200 समाधान योजना के बकाएदारों उपभोक्ताओं का ग्राम कटरा, पंचम सिंह, गेदलाल गौड शकुंतला बाईगौड धेहरी, शंकर सिंह, सूरज प्रताप यादव एवम- झिर्री ग्रामों का निरीक्षण किया गया एवं उपभोक्ताओं से बिल जमा करने एवं समाधान योजना का लाभ लेने की जानकारी दी। समस्त कर्मचारियो को माह जनवरी 2026 में पिछले वर्ष की तुलना में 125% राजस्व कलेक्शन प्राप्त करने, 10 हजार से ज्यादा सरचार्ज वालो का समाधान योजना में बिल जमा करवाने, बिलिंग दक्षता बढ़ाने के लिये कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। समाधान योजना 2025-26 के अंतर्गत अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ प्रदान करने 5000 से अधिक समस्त बड़े बकाया दारो के कनेक्शन विच्छेदित कर नियमानुसार कार्यवाही करने, फोन कॉल के माध्यम से ऑपरेटर को लिस्ट देकर कॉलिंग के माध्यम से समस्त उपभोक्ताओं को बकाया राशि जमा करने हेतु प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया गया। घरेलू उपभोक्ताओं का 1kw से कम भार वाले उपभोक्ताओं का लोड वेरिफाई करके बढ़ाने के साथ 3kw से अधिक लोड सर्वे कर भार बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। 5kw एवं 5000 से अधिक क्षेत्र वाले उपभोक्ताओं के बैंक अकाउंट संग्रह करके DRA की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

## खबर संक्षेप

### पशु चिकित्सा एवं बाँझ निवारण शिविर आयोजित

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश एवं उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर के सोनी के मार्गदर्शन में विकासखंड कटनी के ग्राम जरवाही में पशुपालक जागरूकता, पशु चिकित्सा एवं बाँझ निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पशुओं में प्रजनन संबंधी समस्याओं यथा गर्मी में न आने, रिपीट ब्रीडर, बांझ पशुओ की मौके पर जांच कर उपचार एवं औषधियां दी गई। पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य उत्तम बनाये रखने के लिए एचएस, बीक्यू एवं एफएमडी का नियमित टीकाकरण करवाने, वर्ष में कम से कम तीन बार कृमिनाशक दवाइयां देने, संतुलित आहार एवं कृत्रिम गर्भाधान के महत्व को बताया गया। ताकि नस्ल सुधार कर दुग्ध उत्पादन बढ़ाया जा सके। शिविर में पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ. दीक्षा लाडे, एवीएफओ विमला महंत, भूमिका उपाध्याय, रामजी परिचारक उपस्थित रहे।

### दो लाख रूपए कीमती जेवरात लेकर चंपत

**कटनी।** जरा सी नासमझी चलते जालसाज लोगों को तगड़ी चपत लगा जाते हैं। ऐसा ही एक घटना बड़वारा क्षेत्र में हुई। ग्राम नायक सलैया में एक अज्ञात महिला ने लाखों रूपये के जेवरात पार कर दिए। शिकायतकर्ता मधु राय 23 वर्ष पिता जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम नायक सलैया ने पुलिस को बताया कि यह 9 जनवरी की दोपहर करीब 1 बजे उनके घर एक अज्ञात महिला आई, जिसने बताया कि वह पुराने सोने-चांदी के आभूषणों को साफ कर उन्हें नए जैसा चमका सकती है। पीड़िता उसकी बातों में आ गई और उसने अपने पुराने आभूषण महिला को दे दिए। महिला ने छल-कपट का सहारा लेकर करीब 2,00,000 रुपये कीमत के जेवरात अपने कब्जे में लिए और मौके से फरार हो गई। शिकायत पर पुलिस ने 12 जनवरी को अज्ञात आरोपी महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), आइपीसी की धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया है।

### 20 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को टैक्स भुगतान हेतु नोटिस

**कटनी।** जिले की ग्राम पंचायतों में OSR बढ़ाने के उद्देश्य से टैक्स वसूली अभियान शुरू किया गया है। कलेक्टर के निर्देशों के तहत ग्राम पंचायतों द्वारा आवासीय एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की पहचान कर टैक्स निर्धारण एवं नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत किराना दुकान, मेडिकल स्टोर, होटल, ढाबा, पेट्रोल पंप सहित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को टैक्स भुगतान के लिए नोटिस दिए जा रहे हैं। अनुक्रम में जनपद पंचायत कटनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत मझगवां फाटक में लगभग 20 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को टैक्स भुगतान हेतु नोटिस जारी किए गए हैं। पंचायत स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि टैक्स निर्धारित समय में जमा हों और OSR में अपेक्षित वृद्धि हासिल हो। अभियान की सतत मॉनिटरिंग जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरन प्रीत कौर द्वारा प्रतिदिन की जा रही है एवं जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सिंह, ग्राम पंचायतों को आवश्यक निर्देश देकर आय के स्त्रोतों की समीक्षा कर रहे है।

### रेल यात्रा के दौरान ने बच्चे को जन्म दिया

**कटनी।** रेल यात्रा के दौरान एक महिला यात्री को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। चलती ट्रेन में महिला ने बच्चे को जन्म दिया जिससे कुछ समय के लिए यात्रियों और रेलवे स्टाफ में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही रेलवे के डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ मौके पर पहुंचे और महिला व नवजात की स्थिति का दोबारा मेडिकल चेकअप किया गया। प्राथमिक जांच में दोनों की हालत स्थिर पाए जाने के बाद एहतियातन महिला और नवजात को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।रेलवे अधिकारियों के अनुसार, डॉक्टरों की सतर्कता और समय पर मेडिकल सहायता के कारण प्रसव सुरक्षित रूप से संपन्न हो सका। ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने भी मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए सहयोग किया।फिलहाल महिला और नवजात को आगे के इलाज और निगरानी के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आयोजित

# जिले में उद्योगों को बढ़ावा देने उद्योगपतियों की मांगों एवं सुझावों पर हुई गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहन और विभिन्न उद्योग संघों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक के दौरान औद्योगिक क्षेत्र लमतरा में काफी दिनों से हो रही बिजली ट्रिपिंग की समस्या को एमपीईबी द्वारा समाधान किये जाने पर उद्योगपतियों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी। बैठक में एमपीआईडीसी द्वारा अवगत कराया गया कि औद्योगिक क्षेत्र लमतरा एवं अमकुही में नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। शीघ्र ही यह कार्य पूर्ण कर लिया जावेगा । बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने म.प्र. लघु उद्योग निगम भोपाल से कोल इकाईयों की पूर्व से जमा अमानत राशि की वापसी के संबंध में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह को पत्र लिखने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान उद्योगपतियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई की मांग पर कलेक्टर ने नगरनिगम को नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिये।

#### उद्योगपतियों ने रखी ये मांगे

बैठक में औद्योगिक क्षेत्र बरगंवा को माधवनगर थाने के अंतर्गत रखे जाने की मांग की गयी। अभी म.प्र. लघु उद्योग संघ कटनी द्वारा औद्योगिक क्षेत्र बरगंवा को रंगनाथ एवं माधवनगर थाने के बीच बांटा गया है। बैठक में कटनी रेडीमेड वस्त्र निर्माण संघ द्वारा रेडीमेट गारमेंट क्लस्टर मल्टी गारमेंट क्लस्टर की जगह औद्योगिक क्षेत्र क्लस्टर बनाने की मांग की गयी। इस पर प्रस्ताव तैयार करने हेतु कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी गारमेंट उद्यमियों से प्रस्ताव आमंत्रित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने औद्योगिक क्षेत्र बरगंवा और औद्योगिक क्षेत्र अमकुही से सुरभ पार्क से गुजरने वाली सड़क को बनाये जाने हेतु एस्टीमेट तैयार कराये जाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को लोकसेवा केन्द्र से जोड़ने वाली रोड बनाये जाने हेतु उद्योगपतियों की मांग पर कलेक्टर ने इस संबंध में एस्टीमेंट तैयार कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया तखला में रोड को गुणवत्ता के साथ निर्माण कराये जाने हेतु उद्योग विभाग एवं एमपीआईडीसी को निर्देशित किया।

बैठक में लघु उद्योग भारती कटनी द्वारा औद्योगिक क्षेत्र लमतरा में जहाँ-जहाँ बिजली के ट्रांसफार्मर लगाये गये है वहाँ पर नालियों के निर्माण कराये जाने की मांग के संबंध में एमपीआईडीसी के ईडी द्वारा कार्य काराये जाने हेतु आश्वत किया गया।

कलेक्टर ने ओडीओपी अंतर्गत आने वाले मार्बल एंड सेण्ड को बढावा देने हेतु इनके उपयोग हेतु एमपीटीसी, नगरीय प्रशासन एवं समस्त निर्माण विभागों को पत्र लिखे जाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने विभिन्न उद्योग संघों एवं उद्योगपतियों से आयात-निर्यात को बढावा देने हेतु सुझाव मांगे। जिले में शतरंज खेल को बढावा देने के लिए इस खेल की स्पॉन्सरशिप लेने हेतु कलेक्टर श्री तिवारी ने उद्योगपतियों को अवगत कराया। औद्योगिक क्षेत्र लमतरा में रात्रि में गाडियों से डीजल चोरी रोकने हेतु कलेक्टर श्री तिवारी ने पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा से उचित कार्यवाही करने हेतु कहा। साथ ही कृषि उपज मंडी कटनी में भी होने वाली चोरियों के संबंध में कृषि उपज मंडी के सचिव को विस्तृत जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिये।

---



## छात्रों को मिट्टी परीक्षण के लिए नमूना लेने का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जैविक खेती के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में जैविक खेती का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को कृषि को लाभ का धंधा बनाने, कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत कृषि कार्य करने, ग्राम में कृषकों को प्रशिक्षित करने एवं बाजार पर निर्भरता कम करने तथा अधिक उत्पादन प्राप्त कर उनके विक्रय से अधिक आय प्राप्त करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में प्राचार्या डॉ सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में विद्यार्थियों को मिट्टी परीक्षण हेतु मिट्टी का नमूना लेने की विधि एवं प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया। बताया गया कि मिट्टी का नमूना लेने के लिए गेहूं की कटाई के बाद अप्रै- मई में बतलाई गई वैज्ञानिक विधि से प्रति हेक्टर 15 से 20 नमूने 6 से 9 इंच का गड्ढा व्ही आकार का खोदकर प्रत्येक गड्ढे से मिट्टी की ऊपर से नीचे परत से 500 ग्राम मिट्टी निकालकर सभी गड्ढों की मिट्टी को मिलाकर बतलाई गई विधि से 500 ग्राम मिट्टी अलग कर नमूना पत्र के साथ मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला भेजने की जानकारी दी गई। साथ ही मिट्टी परीक्षण के परिणाम पत्र के द्वारा दी गई सिफारिश के अनुसार खाद डालने के विषय में बतलाया गया। मिट्टी परीक्षण से जैविक कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश एवं पीएच मान से मिट्टी में अम्लीयता, क्षारीयता तथा विद्युत चालकता से मिट्टी में घुलनशील लवणों की जानकारी प्राप्त होती है।

---

### राजस्व एवं पुलिस अधिकारी समन्वय एवं टीम वर्क से करें कार्य

# दो टूक हिदायत, अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को चिन्हित कर सख्त कार्यवाही के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा ने जिले में शांति एवं बेहतर कानून व्यवस्था के नजरिये से राजस्व अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को आपसी समन्वय और टीम वर्क के साथ कार्य करने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया भी मौजूद रहे।

राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि अनुविभाग स्तर और पुलिस थाना स्तर पर राजस्व अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल आवश्यक है। इसके लिये समय-समय पर संवाद करते रहें। साथ ही अपराधियों से संबंधित जानकारियों का भी आपस में आदान-प्रदान करते रहें और जनहित से जुड़े विषयों और आमजन के समस्याओं के निराकरण में सहभागी बनें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने दो-टूक लहजे में ताकीद किया कि किसी भी स्थिति में अपराधियों को बख्शा नहीं जायेगा। आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों का चिन्हांकन कर नियमानुसार उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों में अंतिम बाउंडओवर एवं फाइनल बाउंड ओवर की सख्त कार्यवाही की जाय।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा ने अवगत कराया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 और अन्य कानूनी धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों के लिये करीब 2 हजार आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की सूची बनाई गई है। जिनके विरूद्ध जुआं, सट्टा, आबकारी एक्ट सहित अन्य मामले प्रचलित हैं। इन सभी के विरूद्ध पैनी नजर रखते हुये कड़ी कार्यवाही किया जाना है। इसके लिये टीआई, एसडीएम व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आपस में संवाद कर नियमानुसार समुचित कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में बाउंड ओवर की राशि बढ़ाने और संबंधितों से फिक्स्ड डिपॉजिट दस्तावेज लेने की बात कही।

कलेक्टर श्री तिवारी और एसपी श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को शत-प्रतिशत ऑनलाईन एमएलसी और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट इंट्री करने के निर्देश दिये। बैठक में सभी एसडीएम, एसडीओपी, थाना प्रभारी की मौजूदगी रही। जबकि तहसीलदार और नायब तहसीलदार तथा खंड चिकत्सा अधिकारी वर्चुअली जुड़े रहें।

---

### युवा दिवस के अवसर पर स्वदेशी दौड़ का हुआ आयोजन




मप्र जन अभियान परिषद् के तत्वाधान में तेज सिंह केसवाल के निर्देशानुसार एवं बालमुकुंद मिश्रा के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसायटी के द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के तहत प्रधानमंत्री शासकीय हाई स्कूल जुहली एवं शासकीय विद्यालय, मड़ई ब्लॉक कटनी जिला कटनी में सूर्य नमस्कार एवं स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया, स्वदेशी दौड़ में भाग लेने वाले छात्र एवं छात्राओं को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजय हुए छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, स्कूल के प्राचार्य एवं शाला प्रभारी तथा समस्त स्टाफ उम्मेद सिंह, ज्योति तिवारी,राजेश्वरी पटेल, माया निषाद, नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी गणपत कोल रूपा बर्मन, संदीप दुबे, आशा पाठक, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी ज्ञानेश तिवारी आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

---

## युवा और महिला विंग को मिली नई कमान, अनादि निगम अध्यक्ष, हेमंत श्रीवास्तव को सचिव का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



स्थानीय जगन्नाथ चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर परिसर में चित्रगुप्त कायस्थ सभा द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक एकता, संगठनात्मक मजबूती और पारिवारिक सौहार्द का प्रतीक बना। आयोजन के दौरान लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए सभा की मुख्य समिति, महिला समिति और युवा समिति का पुनर्गठन किया गया। चुनाव अधिकारी अनिल खरे एवं यश खरे की देखरेख में सर्वसम्मति से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। समाज के प्रबुद्ध जनों ने पुरानी मुख्य समिति पर पुनः विश्वास व्यक्त करते हुए अनादि निगम को अध्यक्ष और हेमंत श्रीवास्तव को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी।

समाज को गतिशील बनाने के उद्देश्य से महिला एवं युवा समिति में नए नेतृत्व का चयन किया गया। महिला समिति की कमान श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव (अध्यक्ष) एवं श्रीमती इंदु निगम (सचिव) को सौंपी गई। वहीं, युवा समिति में समीप श्रीवास्तव को अध्यक्ष और नवनीत श्रीवास्तव को सचिव चुना गया।धार्मिक अनुष्ठान और संकल्पनिर्वाचन के पश्चात उपस्थित चित्रांश बंधुओं ने भगवान चित्रगुप्त की सामूहिक आरती की। इसके उपरांत आयोजित स्नेह भोज में समाज के वरिष्ठों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे समाज के उत्थान, युवाओं को संगठन से जोड़ने और महिला सशक्तिकरण के कार्यों को प्राथमिकता देंगे।इस अवसर पर कटनी जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कायस्थ परिवार उपस्थित रहे। कायस्थ समाज के उपस्थित वरिष्ठ जनों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आपसी संवाद मजबूत होता है।

---

### महापौर ने एमएस डब्ल्यू प्लांट का निरीक्षण कर सुधार के दिये निर्देश

# कचरा प्रबंधन में लापरवाही नहीं बरतने दी हिदायत वरना होगी सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने पार्षद साथियों एवं निगम के अधिकारियों के साथ एम.एस.डब्लू (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) प्लांट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने प्लांट की समग्र कार्यप्रणाली, शहर के विभिन्न वार्डों से आने वाले कचरे की मात्रा, उसकी प्रोसेसिंग की वर्तमान स्थिति तथा प्लांट में उपलब्ध मशीनरी, मानव संसाधन एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

महापौर ने प्लांट में संचालित कचरा प्रोसेसिंग तकनीक का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कचरा निस्तारण की संपूर्ण प्रक्रिया नियमित, पारदर्शी एवं निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप संचालित की जाए, ताकि शहर से आने वाले कचरे का समयबद्ध, वैज्ञानिक एवं प्रभावी निपटान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने प्लांट के सुपरवाइजर एवं संबंधित अधिकारियों को कचरा संग्रहण व्यवस्था की सतत, सख्त एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा लापरवाही पाए जाने की स्थिति में जिम्मेदारों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शहर से आने वाले कचरे को प्लांट परिसर में अधिक समय तक न रखा जाए, बल्कि उसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रता से प्रोसेस कर निस्तारित किया जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ नागरिक स्वास्थ्य की रक्षा सुनिश्चित हो सके। महापौर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि स्वच्छता से जुड़े सभी कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नियमित निरीक्षण को प्राथमिकता दी जाए तथा प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी तय करते हुए कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल कचरा उठाना ही नहीं, बल्कि स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है।

---

### शासकीय विद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का हुआ आयोजन

# युवा शक्ति के रूप में किया गया 100 मीटर दौड़ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा / विजयराघवगढ़






शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में युवा दिवस एवं सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन बड़वारा विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि पद्येश गौतम एवं प्राचार्य चन्दन सिंह की अध्यक्षता में किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र जायसवाल, अजय सोनी, संतोष दुबे , उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय पर मुख्य अतिथिएवं शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया द्वारा प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद बड़वारा की ओर से 100 मीटर दौड़ का भी आयोजन युवा शक्ति के रूप में किया गया ।कार्यक्रम का संचालन विनोद क्षत्रिय ,अनामिका सोनी एवं आभार प्रदर्शन जुगल किशोर चौरसिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद की नंदनी वाटिया,महेंद्र गौतम, संजय रावत,करण सिंह ठाकुर, मोहन निगम, मधुबाला गर्ग,घनश्याम चौधरी, निखलेश यादव,लाल बहादुर सोनी, आरती तिवारी, सरिता शर्मा, शिवानी यादव, विभा, स्नेहल, अपूर्वा, हेमलता, सीता, महेन्द्र नारायण मिश्रा, अरविन्द तिवारी, ज्ञानेन्द्र, निधि, अनिल, सुशील, मनीष,धर्मपाल एवं छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

इसी तरह विजयराघवगढ़ स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में सोमवार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस को युवा दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन प्राचार्य सरस्वती मिश्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीराम सोनी रचना मिश्रा सहित पार्षद गण शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में शासन के दिशा निर्देशानुसार सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

युवा दिवस के जिलास्तरीय कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रुप से सूर्य नमस्कार व योग की क्रियायें एक समय और एक संकेत के अनुसार की। विद्यार्थियों के साथ ही उपस्थित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम अनुसार एक साथ चरणबद्ध सामूहिक सूर्य नमस्कार किया।रेडियों प्रसारण के साथ-साथ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे एवं अधिकारियों और बडी संख्या में विद्यार्थियों ने कतारबद्ध होकर प्रार्थनामुद्रा, हस्तउत्सासन, पादहासन, अश्वसंत्वासन, पर्वतासन, अष्टांग, नमस्कार भुजगांसन कर सूर्य नमस्कार के सात आसानों की 12 स्थितियों के क्रम को दोहराया। साथ ही अनुलोम, विलोम, प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम एवं भ्रामरी प्राणायाम भी किया।

---



## मिलन समारोह एवं सावित्रीबाई फुले जयंती पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

डब्लूसीआर ओबीसी रेलवे एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन कटनी जं. ने मिलन समारोह और माता सावित्रीबाई फुले जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम यादव महासचिव, सौदान सिंह जोनल अध्यक्ष ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और उन्हें एम्पलाइज वेलफेयर के लिए कार्य करने का दायित्व सौंपा। कार्यक्रम ADME वैरवा, प्रमोद कुमार, अयोध्या की उपस्थिति के साथ संतोष यादव मंडल कार्य.अध्यक्ष WCRMS, अनिल कुमार यादव ब्रांच अध्यक्ष, कटनी अपने पूरे टीम के साथ उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के साथ हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। नवनिर्वाचित जोनल अध्यक्ष wcreu शिव मंगल भी उपस्थित रहें,। लोसपा प्रदेश अध्यक्ष बिंदेश्वरी पटेल तथा ब्रांच के अन्य पदाधिकारी गण परिवार सहित तथा नारी शक्ति , वरिष्ठ जनों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में 180 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये हितग्राहियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 180 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 15 आधार अपडेशन, 10 महिला एवं बाल विकास एवं 125 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामुहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर छोटे गिरी गौस्वामी, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले के ग्राम नोहटा, अभाना सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 20 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया।

### क्रिकेट के महाकुंभ का फाइनल के साथ हुआ समापन

**नौगांव।** नगर में लगभग एक माह से चल रहे क्रिकेट का महाकुंभ फाइनल के साथ हुआ समाप्त। नगर के राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में चल रहे अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट में दिल्ली और चंडीगढ़ के बीच फाइनल मुकाबले में चंडीगढ़ को हराकर दिल्ली ने फाइनल मैच की ट्राफी पर किया कब्जा बताया जाता है कि फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने चंडीगढ़ टीम को दिया पहाड़ जैसा स्कोर और निर्धारित 20 ओवरों में 179 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंडीगढ़ की टीम के खिलाड़ी बल्ले से कोई खास कमाल नहीं दिखा सके और यह मैच 44 रनों से हार गई।

### भालू के सामने आई टीम, पोल पर चढ़कर बचाई जान, घंटों गुल रही बिजली

# असामाजिक तत्व बना रहे फाल्ट, जंगली जानवरों के डर से रात्रि में सुधार कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में कड़ाके की ठंड के बीच विद्युत आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सर्दी के मौसम में विद्युत फाल्ट की समस्या सामने आ रही है, किंतु इस बार समस्या का कारण विद्युत विभाग की लापरवाही नहीं बल्कि असामाजिक तत्वों की मनमानी और जंगली जानवरों की बढ़ती मौजूदगी है। इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अज्ञात लोग अपने निजी स्वार्थ के चलते कंसा, निबोरा, सलैया सहित जंगली क्षेत्रों में जानबूझकर विद्युत लाइनों में फाल्ट उत्पन्न कर रहे हैं। इसके कारण एक साथ दर्जनों ग्रामों की बिजली आपूर्ति पांच से छह घंटे तक ठप रही, जिससे किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब रात्रि में फाल्ट सुधारने गए विद्युत कर्मचारियों का सामना जंगली जानवरों से होने लगा। तेंदूखेड़ा ब्लॉक के जंगलों में नीलगाय, हिरन, मोर जैसे शाकाहारी पशुओं के साथ-साथ तेंदुआ, भालू, जंगली सूअर, सियार एवं अन्य मांसाहारी जानवरों की संख्या बढ़ गई है। ये जानवर अक्सर रात्रि के समय सक्रिय रहते हैं, जिससे फाल्ट सुधार कार्य जोखिम भरा हो गया है। सोमवार की रात कंसा-निबोरा के जंगल क्षेत्र में पुनः फाल्ट होने पर विद्युत कर्मी सुधार कार्य के लिए निकले, लेकिन जंगली जानवरों की आहट मिलने पर उन्हें लौटना पड़ा। कर्मचारियों ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब चार बजे पुनः फाल्ट खोजने गए तो जानवरों की मौजूदगी महसूस हुई। जान बचाने के लिए आग जलाई गई और कुछ कर्मचारी विद्युत पोल पर चढ़ गए। कर्मचारियों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व सुधार कार्य के दौरान अचानक भालू सामने आ गया था, जो कुछ समय तक क्षेत्र में घूमता रहा। इस घटना के बाद से कर्मचारियों में भय व्याप्त है और रात्रि में जंगल क्षेत्र में कार्य करना असुरक्षित प्रतीत हो रहा है। इस संबंध में तेंदूखेड़ा विद्युत विभाग के जेई एम.एफ. अंसारी ने बताया कि अज्ञात लोग जानबूझकर जंगलों में फाल्ट कर विद्युत आपूर्ति बाधित करते हैं। कर्मचारियों का जंगली जानवरों से सामना हो चुका है, जिसके चलते सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों के कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति कई घंटों तक प्रभावित रही।

# मानव जीवन, गो-सेवा और सनातन धर्म की महिमा का हुआ विस्तार : पं विपिन बिहारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

मोहरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के छठवें दिन कथा स्थल भक्तिरस और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। इस अवसर पर गोपीपीठाधीश्वर पंडित विपिन बिहारी जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों एवं दिव्य उपदेशों से उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा व्यास पंडित विपिन बिहारी जी महाराज ने मानव जीवन की दुर्लभता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मनुष्य जन्म अत्यंत पुण्य से प्राप्त होता है और इसका वास्तविक फल तभी मिलता है जब व्यक्ति निरंतर भगवान के नाम का स्मरण करे तथा अपने कर्मों पर विशेष ध्यान दे। उन्होंने कहा कि परमात्मा के यहां कर्मों का लेखा-जोखा अत्यंत सूक्ष्म एवं सटीक है, जिसकी कल्पना मानव बुद्धि नहीं कर सकती। सत्संग में उपस्थित भक्तों को जीवन-उपयोगी संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में दो प्रकार के लोगों से सदैव दूरी बनाकर रखनी चाहिए—पहले, जो अपशब्दों एवं गाली-गलौज का प्रयोग करते हैं और दूसरे, जो मद्यपान में लिप्त रहते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में जितना हो सके भगवान का नाम लो और अच्छे कर्म करो, भगवान स्वयं जीवन में प्रकट हो जाएंगे। पंडित विपिन बिहारी जी महाराज ने गो-सेवा को सर्वोच्च पुण्य बताते हुए कहा कि गाय की सेवा से ही सृष्टि, सनातन धर्म और राष्ट्र की रक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि यदि गो-सेवा नहीं होगी तो न सृष्टि बचेगी, न सनातन और न ही मानव समाज। इस अवसर पर उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को अपनी गौशाला में 15 जनवरी से प्रारंभ होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण भी दिया। कथा के दौरान उन्होंने तुलसी पूजन, गृह आचार, संस्कार और दिनचर्या से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस घर में नियमित तुलसी पूजन, भगवान का नाम-स्मरण और तुलसीदास जी की चौपाइयों का पाठ होता है, वह घर वृंदावन धाम से कम नहीं होता। बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने, उन्हें बुरी संगत और मोबाइल के दुष्प्रभावों से बचाने पर भी उन्होंने विशेष जोर दिया। छठवें दिन की कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा, कालिया नाग दमन, कंस वध, द्वारकाधीश के रूप में भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र तथा रुक्मणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा के अंत में भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अनन्य मित्रता, समर्पण और दैवी प्रेम का उल्लेख कर श्रद्धालुओं को भक्ति मार्ग पर अग्रसर होने का संदेश दिया गया। कथा श्रवण कर उपस्थित भक्तगण भाव-विभोर होकर भक्ति रस में डूबे नजर आए।

# किले के सौंदर्यीकरण के बाद लोग देखकर आश्चर्यचकित होंगे कि दमोह में इतना समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर स्थल है-कलेक्टर

### दमयंती संग्रहालय के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य का लिया जायजा

**दमोह।** दमोह जिले के ऐतिहासिक रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय के जीर्णोद्धार एवं विकास के लिए प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी के विशेष प्रयासों से 20 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस परियोजना में निर्माण एवं जीर्णोद्धार के साथ-साथ संग्रहालय के मेंटेनेंस और आवश्यक कार्य की व्यवस्था भी शामिल है। इस आशय की बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने धरोहर' की प्रिंसिपल आर्किटेक्ट और प्रोजेक्ट की कंसल्टेंट संगीता बैस और पर्यटन विभाग के कार्यपालन यंत्री के साथ संग्रहालय का जायजा लेते हुये कही।उन्होंने संग्रहालय के परिसर के साथ-साथ चारों ओर का भ्रमण कर सौदर्यीकरण कार्यो के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सिद्धार्थ मलैया, एसडीएम आरएल बागरी, रानी दमयंती संग्रहालय के प्रभारी अधिकारी सुरेन्द्र चौरसिया सहित पर्यटन विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।



कलेक्टर श्री कोचर ने कहा गत दिनों राज्यमंत्री जी द्वारा स्थल का भ्रमण कर आवश्यक निर्देश दिए गए थे, इसी क्रम में कार्य की प्रगति की सतत समीक्षा की जा रही है। आज पर्यटन विभाग के अधिकारियों एवं परियोजना से जुड़े आर्किटेक्ट के साथ संग्रहालय परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया गया है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा संग्रहालय का चारों ओर से वॉक-थ्रू निरीक्षण किया गया है। वर्तमान में किले की दीवारों को संरक्षित करने के उद्देश्य से रिपेयर एवं जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर है, ताकि ऐतिहासिक संरचना को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि आगामी समय में जब यह कार्य पूर्ण हो जाएगा, तो पूरा किला चारों ओर से विजिबल होगा। वर्तमान में किला आमजन को स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता, लेकिन जीर्णोद्धार के बाद यह अपने भव्य और आकर्षक स्वरूप में सामने आएगा।

उन्होंने कहा किले की दृश्यता और सौंदर्यीकरण के बाद लोग यह देखकर आश्चर्यचकित होंगे कि दमोह में इतना समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर स्थल मौजूद है, जो अब तक आम दृष्टि से ओझल रहा। परियोजना को लेकर आगे की कार्ययोजना पर भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं तथा जिला प्रशासन द्वारा निरंतर समीक्षा और निगरानी की जाएगी, ताकि कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण हो सके। धरोहर' की प्रिंसिपल आर्किटेक्ट और प्रोजेक्ट की कंसल्टेंट संगीता बैस ने कहा संग्रहालय के प्रस्ताव अंतर्गत गैलरीज बना रहे हैं, जिसमें एक गैलरी होगी जो दमोह की माइथोलॉजिकल स्टोरीज, नल दमयंती की कहानी बताएगी, क्योंकि बहुत महत्वपूर्ण अध्याय हैं दमोह के इतिहास में। इसके साथ ही दमोह की आर्कियोलॉजी पर आधारित गैलरी बना रहे हैं जिसमें जितने भी आर्कियोलॉजिकल जगह हैं, जिनके कल्चर है, संस्कृति है, उनके ऊपर गैलरी होगी। अंदर जाकर जो बीच वाला स्ट्रक्चर है ये पूरा म्यूजियम का सुधार होगा। सबसे इंपॉर्टेंट जो आर्कियोलॉजिकल ऑब्जेक्ट यहां पर लाए गए हैं उनको डिस्प्ले किया जाएगा। यहां पर छोटा सा एक ओपन एयर थिएटर बना रहे हैं, जिससे दमोह के और आसपास के जो जुड़े हमारे स्कूल्स हैं, सबके बच्चे यहाँ पर आकर विरासतों के प्रोग्राम होते हैं, वर्ल्ड हेरिटेज डे होता है, वर्ल्ड हेरिटेज वीक होता है, उस समय आकर यहाँ से ज्ञानवर्धन कर सकें, क्योंकि लोगों को अब संस्कृति से जोड़ना ज़रूरी है, उनको उस जगह के इतिहास के बारे में भी पता होना चाहिए। आमजन के लिये एक बहुत अच्छा टूल बनेगा।

# आज से आरंभ होगा पंडा बाबा में लक्ष्मी नारायण यज्ञ



**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा से दस किलोमीटर दूर जबलपुर मार्ग पर सिद्ध क्षेत्र पंडा बाबा हैं यह की सिद्ध पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है प्रति वर्ष इस स्थान पर यज्ञ का आयोजन होता है जो इस वर्ष भी हो रहा हैं। पंडित आनंद कुमार शास्त्री दुबारा यहां यज्ञ कराया जा रहा हैं जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है 14 जनवरी से यह यज्ञ शुरू होगा पूरा आयोजन सात दिन तक चलेगा। पहले दिन पंडा बाबा में कलश यात्रा निकाली जायेगी दूसरे दिन मंडपादि देवीदेवताओं की पूजा अर्चना होगी तीसरे दिन लक्ष्मी नारायण अर्चन अग्निस्थापन होगा चौथे दिन शनि अर्चन हनुमान अर्चन कार्यक्रम होगा। पांचवे दिन विष्णु अर्चन होगा छठवें दिन शिवशक्ति अर्चन होगा सातवें दिन आवाहित देवताओं का हवनपूर्णआहुति होगी और भंडारे का आयोजन किया जायेगा। यज्ञ आरंभ को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी हैं आयोजन समिति के सदस्य गुड्डा महराज पूर्व सरपंच और वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि रघुनाथ पाल ने बताया कि प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी यज्ञ आयोजन सम्पन्न होने जा रहा हैं जिसकी तैयारी हो चुकी हैं इस वर्ष समिति के माध्यम से पंडा बाबा में स्थाई यज्ञ शाला का निर्माण किया गया है।

# अधीक्षण अभियंता ने की समाधान योजना की समीक्षा



**सिंग्रामपुर।** जबेरा वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड दमोह व्रत के अधीक्षण अभियंता श्री अमित चौहान ने मध्य प्रदेश शासन के समाधान योजना को लेकर जबेरा वितरण केंद्र का दिन सोमवार को औचक निरीक्षण किया। दमोह व्रत के अधीक्षण अभियंता ने बताया की जबेरा वितरण केंद्र के निरीक्षण के दौरान समाधान योजना के अंतर्गत 9982 उपभोक्ताओं पर 4.85 करोड़ की राशि बकाया पर 36 लाख रुपए का अधिभार मे छूट मिल रहा है। मुख्यालय अनुसार वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की और प्रत्येक मुख्यालय को महाभियान चलाकर राजस्व वसूली कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया ।जनवरी माह के अंत तक सत प्रतिशत समाधान योजना की राशि जमा करवाने हेतु निर्देशित किया । मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पंप बिल टि.सी.तथा cl आईपी ,कनेक्शन की राशि जमा करवाने हेतु निर्देशित किया गया हैं। मध्य प्रदेश शासन ऊर्जा विभाग के अनुसार कृषि सिंचाई के लिए 10 घंटे निर्वाधऔर सुचारू रूप से सप्लाई देने एवं अटल ज्योति में 24 घंटे सप्लाई देने एवं जले ट्रांसफार्मर को समय सीमा पर बदलने को निर्देशित किया गया है।

# सांदीपनी स्कूल में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

**बनवार।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर शासकीय सांदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल बनवार में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं और ग्राम के सम्मानित नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र अहिरवार ने बताया कि सूर्य नमस्कार केवल व्यायाम नहीं बल्कि युवा शक्ति को आत्मविश्वास अनुशासन और मानसिक मजबूती से जोड़ने वाला सांस्कृतिक अभियान है। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास से विद्यार्थी शरीर और मन दोनों रूप से स्वस्थ बनते हैं और आदर्श जीवन शैली विकसित करते हैं। विद्यालय परिसर में एकजुट होकर सूर्य नमस्कार किया गया। विद्यार्थी पंक्तिबद्ध होकर योगासन में मग्न दिखे और स्टाफ ने साथ रहकर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान योगाचार्यों और शिक्षकों ने युवाओं को स्वस्थ दिनचर्या अपनाने संतुलित भोजन और नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया। ग्राम के लोगों ने भी इस आयोजन में भाग लेकर जागरूकता का संदेश दिया। शिक्षकों ने बताया कि युवाओं के लिए यह सिर्फ अभ्यास नहीं बल्कि अपने भीतर छिपी ऊर्जा पहचानने का माध्यम है। कार्यक्रम में प्रेम शंकर सिंह रदेश सोलंकी दयाराम पटेल इमारत अहिरवार महेश नामदेव प्रदीप सिंह राजपूत श्रीमती पार्वती अहिरवार प्रतिभा त्रिपाठी दीपक विमलेश अहिरवार नितिन ठाकुर प्राची सराफ तृप्ति चौरसिया देशराज सिंह राम सिंह सहित पूरा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। बनवार स्कूल ने युवा दिवस को योग अनुशासन और जागरूकता के माध्यम से जीवंत कर स्वामी विवेकानंद के मूल संदेश को आत्मसात किया।



# चतुर्थ समयमान स्वीकृति से शिक्षकों में हर्ष की लहर

**संगठन के अगले एक सूत्रीय संकल्प ज्ञापन नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता हेतु संघर्षरत**

**दमोह।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर जी एवं महामंत्री राकेश गुप्ता सहित संपूर्ण प्रांतीय इकाई के निरंतर, संगठित एवं अथक प्रयासों का सुखद परिणाम आज प्रदेश के समस्त शिक्षकों को प्राप्त हुआ है। 'प्राथमिक शिक्षक, सहायक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक तथा प्रधान अध्यापक से पदोन्नति उपरांत उच्च पदों पर आसीन व्याख्याता एवं प्राचार्य को चतुर्थ समयमान का लाभ प्रदान किया जाना शिक्षक हित में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी निर्णय माना जा रहा है। प्रदेश के संवेदनशील एवं शिक्षाविद् मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी द्वारा आज केबिनेट में लिया गया यह निर्णय न केवल शिक्षकों के लंबे समय से चले आ रहे न्यायोचित मांगों की पूर्ति करता है,' बल्कि उनके समर्पण, परिश्रम एवं सेवा भावना का यथोचित सम्मान भी करता है। इस निर्णय से हजारों शिक्षकों के आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक संबल में वृद्धि होगी, जिससे शिक्षा व्यवस्था और अधिक सशक्त एवं प्रेरणादायी बनेगी। यह उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने विगत कई वर्षों से चतुर्थ समयमान की मांग को विभिन्न मंचों पर प्रभावी रूप से उठाया। संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर एवं महामंत्री राकेश गुप्ता के नेतृत्व में लगातार संवाद, ज्ञापन, बैठकें एवं सकारात्मक प्रयास किए गए, जिनका परिणाम आज साकार हुआ है। प्रांतीय इकाई के समर्पण, संगठनात्मक मजबूती और निरंतर प्रयास ने यह सिद्ध कर दिया कि संगठित प्रयासों से ही शिक्षक हितों की रक्षा संभव है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेश भर के शिक्षकों में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। इस वेतनमान से प्रदेश के करीब डेढ़ लाख कर्मचारी जिसमें प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक एवं पदोन्नति प्रधानाध्यापक, व्याख्याता, प्राचार्य एवं अनेक वरिष्ठ जिला शिक्षा अधिकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक संचालकों को लाभ प्राप्त होगा। यह लाभ 2000 से 6000 तक प्रति माह 1 जुलाई 2023 से प्राप्त होगा शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इसे शिक्षक समाज की बड़ी जीत बताते हुए मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी एवं स्कूल शिक्षा मंत्री माननीय राव उदय प्रताप सिंह जी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# लावारिस मिला ऑटो, पुलिस ने की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

दो माह पहले एक ट्रैक्टर सड़क किनारे लावारिस मिला था और अब एक तीन पहिया वाहन ऑटो एक घर परिसर में लावारिस मिला है। जानकारी के अनुसार कस्बे में पिछले दो माह से एक घर में लावारिस तीन पहिया वाहन खड़ा हुआ है। वाहन किसका है और कौन खड़ा कर गया इसका पता ग्रामीणों को नहीं है। लावारिस खड़े वाहन की सूचना देहली से लौटे मकान मालिक द्वारा पुलिस को दी गई। ग्रामीण परम आदिवासी द्वारा पुलिस को दिए गए सूचना आवेदन में बताया गया कि वह काम करने देहली गया था। दो माह बाद आया तो देखा कि घर के पीछे की तार जाली तोड़कर कोई ऑटो वाहन रख गया है। आस पास पता किया तो कोई नहीं बता रहा है कि वाहन किसका है और कौन रख गया। पुलिस द्वारा आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं ग्रामीणों में भी कयास लगाए जा रहे कि दो माह पहले मिले ट्रैक्टर की तरह यह तीन पहिया वाहन भी चोरी का होगा। वहीं फरियादी परम आदिवासी ने बताया कि चार दिन पहले बाहर से आया है। घर के पीछे वाहन खड़ा मिला। पूरे गांव में पता किया कि वाहन किसका है लेकिन कोई नहीं बता रहा है। ऐसा लग रहा है कि उसे फ़साने के लिए यह षड्यंत्र उसे फ़साने के लिए न रचा गया हो । इस संबंध में थाना प्रभारी शिवांगी गर्ग ने बताया आवेदन आया है। संबंधित वाहन को पुलिस सुरक्षा में ले लिया जा रहा है । जांच जारी है।

# आवासीय परिसर में अवैध रूप से निवासरत व्यक्तियों को चिन्हित करें-कलेक्टर

**दमोह।** नगर पालिका परिषद दमोह द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ए.एच.पी. घटक अंतर्गत समन्ना वायपास रोड पर बहुमंजिला ई.डब्लू.एस. भवनों का निर्माण किया गया है। लगभग 1350 भवन हितग्राहियों को आवंटित कर आधिपत्य दिया जा चुका है। इस आवासीय परिसर में विगत कई दिवसों से विभिन्न स्त्रोतों से अपराधिक असामाजिक गतिविधियों की शिकायतें समाचार पत्रों, सोशल मीडिया आदि के द्वारा प्राप्त हो रही है। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने स्थल पर प्रत्येक भवन में निवासरत प्रत्येक हितग्राही के संबंध में मौके पर जाकर उनका एवं उनके परिवार का भौतिक सत्यापन करने के उद्देश्य से सीएमओ नगर पालिका दमोह द्वारा प्रस्तावित नामों के आधार पर सर्वेक्षण दल गठित किया जाता है। सर्वे दल में उपयंत्री नगर पालिका विक्रम सिंह ठाकुर, नगर पालिका राजस्व अधिकारी अरविंद सिंह राजपूत, नगर पालिका उपयंत्री शोभित अग्रवाल, स्थायी कर्मी उमेश उपाध्याय, विजय श्रीवास्तव, मस्टर कर्मी, हरीहर चक्रवती, आऊट सोर्स कर्मचारी भरत पटैल एवं नरेन्द्र जाटव को शामिल किया गया है। कलेक्टर श्री कोचर ने इस सर्वेक्षण दल को 16 जनवरी 2026 से सभी ई.डब्लू.एस. भवनों में जाकर निवासरत हितग्राही से संपर्क कर उनको जारी किये गये आवंटन आदेश प्राप्त कर नगर पालिका की सूची से मिलान कर प्रारूप में जानकारी संकलित कर 31 जनवरी 2026 तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। उन्होंने सर्वेक्षण दल द्वारा प्रस्तुत सर्वेक्षण रिपोर्ट पर जांच कर वस्तुस्थिति की जानकारी प्रस्तुत करने एवं भवनों पर अवैध रूप से निवासरत व्यक्तियों की सूची तैयार कर उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु जांच समिति का गठन किया है। जांच समिति में तहसीलदार दमयंती नगर दमोह रघुनंदन चतुर्वेदी, मुख्य नगर पालिका अधिकरी नगर पालिका परिषद दमोह राजेन्द्र सिंह लोधी, नगर पालिका परिषद दमोह सहायक यंत्री सुरेन्द्र अहिरवाल तथा नगर पालिका परिषद दमोह उपयंत्री विक्रम सिंह ठाकुर को शामिल किया गया है। उन्होंने निर्देशित किया है गठित की गई समिति सर्वेक्षण दल द्वारा प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण कर नगर पालिका द्वारा आवंटित किये गये हितग्राहियों की सूची से मिलान उपरांत आवासीय परिसर में अवैध रूप से निवासरत व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही 20 फरवरी 2026 तक करते हुये पालन प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत की जाये।

**सर्वे दल एवं जाँच समिति गठित**

# गणतंत्र दिवस को लेकर जनपद पंचायत सभागृह में हुई बैठक

**तेंदूखेड़ा।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर जनपद पंचायत की सभागार में राष्ट्रीय पर्व को लेकर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को गरिमामय एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना रहा। एसडीएम की अनुपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता जनपद सीईओ द्वारा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष बागरी ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को आयोजन से संबंधित दायित्वों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी तथा प्रत्येक विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेगा। सीईओ बागरी ने बताया कि 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी विद्यालय के प्रांगण में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जहां जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम संचालन, मंच व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों को कार्यक्रम से लेकर पुरस्कार वितरण तक की जिम्मेदारियां सौंपी गईं, ताकि आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। सभी अधिकारियों को समय पर तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि ठाकुर मूरत सिंह, मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सत्येंद्र जैन, डॉं परम सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, नगर निरीक्षक रविंद्र बागरी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे, आरईएस एसडीओ एच.के. राज, बीआरसी पी.एल. अहिरवार, रवि शँकर त्रिपाठी, शोभाराम नामदेव अजीत जैन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कार्यशाला में 29 शिक्षक प्रतिभागियों ने सहभागिता की



**दमोह।** "विद्यालयी शिक्षा में हस्तकला कौशल का समावेश" विषय पर आयोजित 10 दिवसीय कार्यशाला का मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह के आतिथ्य में समापन हुआ। इस कार्यशाला में भारत के चार विभिन्न राज्यों/संघ-शासित प्रदेशों से आए कुल 29 शिक्षक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये महेंद्र दुबे (वरिष्ठ पत्रकार) ने सीसीआरटी, क्षेत्रीय केंद्र की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर देवनारायण रजक (क्षेत्राधिकारी) ने सीसीआरटी के उद्देश्यों, कार्यों एवं कार्यशाला की रूपरेखा की जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को मैक्रम, बांस शिल्प, मिट्टी शिल्प तथा गोंड पेंटिंग, जैसी पारंपरिक हस्तकलाओं का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रतिभागियों को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत हथकरघा केंद्र,कुंडलपुर एवं रंगमहल, हटा का भ्रमण कराया गया। कार्यशाला के समापन के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

मकर संक्रांति से प्रारंभ हुआ 15 दिवसीय भव्य मेला,शून्य नदी में प्रकृति का अद्भुत वरदान

# स्वयंभू शिवपिंडी का दिव्य धाम 'महादेव घाट'





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार/दमोह

जबेरा जनपद की पवित्र धरा से होकर बहती शून्य नदी अपने प्रवाह के बीच ऐसा दिव्य रहस्य समेटे हुए है, जो प्रकृति की कारीगरी के साथ ईश्वरीय कृपा का साक्षात प्रमाण माना जाता है। बुजुर्गों की कथाओं, लोक स्मृतियों और धार्मिक आस्थाओं में सदियों से वर्णित यह स्थान आज भी उतनी ही श्रद्धा और विस्मय के साथ पूजनीय है, जितना अपने आरंभिक स्वरूप में रहा होगा। शून्य नदी की मध्य जलधारा में स्थित विशाल चट्टान पर उभरी स्वयंभू शिवपिंडी का चमत्कारिक स्वरूप ही यहां के मुख्य आकर्षण का केंद्र है, जिसे महादेव घाट नाम से जाना जाता है। नदी की इस असाधारण विशेषता की बात ही निराली है। यह वही शून्य नदी है जिसका उद्गम और संगम दोनों जबेरा क्षेत्र के समीप ही माने जाते हैं। अपने जिले के सबसे बड़े जलाशय से विस्तार में यह नदी आस्था और आश्चर्य की ऐसी धरोहर समेटे है कि प्राकृतिक रूप से बने इन शिवरूपों की महिमा हर वर्ष लाखों लोगों को अपनी ओर खींच लेती है। स्थानीय जन मान्यता के अनुसार नदी के तटों और भीतर की चट्टानों में कई स्थानों पर शिवरूप आकृति उभरती दिखती है, जिसे प्रकृति की सहज साधना और दिव्य संकेत के रूप में देखा जाता है। महादेव घाट के मध्य जलधारा में स्थित विशाल चट्टान पर विद्यमान शिवलिंग अपनी पूर्ण विकसित जलहरी सहित स्वयंभू रूप में साकार दिखाई देता है। श्रद्धालुओं और विद्वानों की समान राय है कि यह शिवपिंडी मानव-निर्मित नहीं बल्कि प्राकृतिक रूप से स्वयं उत्पन्न हुई है। इसीलिए इसका महत्व और पवित्रता यहाँ आने वाले भक्तों के लिए कहीं अधिक मानी जाती है। जलधारा में वर्षभर स्नान करते इस प्राकृतिक शिवलिंग का दर्शन कई लोगों के लिए जीवन परिवर्तन का अनुभव बताया जाता है। महादेव घाट से कुछ ही दूरी पर बनवार घाट स्थित सिद्ध स्थान पर दूसरा अत्यंत उल्लेखनीय चमत्कार भक्तों की आस्था को और भी सुदृढ़ करता है। यहाँ एक पवित्र जल स्रोत है जिसकी विशेषता यह है कि जल हर मौसम में अपनी प्रकृति बदलता हुआ प्रतीत होता है — शीत ऋतु में यह गर्माहट लिए होता है जबकि तपते दिनों में यह अत्यंत ठंडा होकर आगे बढ़ने वालों की प्यास और आत्मा दोनों को तृप्त करता है। श्रद्धालु इसे सिद्धेश्वर भगवान का प्रत्यक्ष आशीर्वाद और चमत्कार मानते हैं।यही नहीं, इसी सिद्ध स्थान पर वर्षों से एक अन्य स्वयंभू शिव पिंडी चट्टान की सतह पर क्रमिक रूप से उभरती देखी जा रही है। बीते दशकों में यह शिवरूप अत्यंत सूक्ष्म रूप में मौजूद था, जो केवल हाथ से स्पर्श करने पर महसूस होता था। परंतु अब यह आकृति पूर्ण आकार लेने लगी है और स्पष्ट दर्शन देने लगी है जैसे स्वयं प्रकृति उसका स्पर्श कर मूर्त रूप दे रही हो। चट्टान की सतह पर पिंडी के आसपास शिला का उठाव मेले या शिवलिंग आधार की प्राकृतिक आकृति का आभास कराता है, जो भक्तों के लिए अलौकिक अनुभव से कम नहीं है।

मकर संक्रांति इस स्थान का सबसे बड़ा पर्व है। संक्रांति के शुभारंभ के साथ ही यहाँ पूरे क्षेत्र का प्रसिद्ध₹महादेव घाट₹ पंद्रह दिवसीय मेला आरंभ होता है। इस अवधि में शून्य नदी और इसके तट धार्मिक साधना, स्नान, जलाभिषेक, भजन-कीर्तन और दान-पुण्य का पावन केंद्र बन जाते हैं। स्थानीय निवासियों की मान्यता है कि यह शिवपिंडी अनादि काल से यहाँ विराजमान है और इसका स्वरूप समय के साथ अपनी दिव्य ऊर्जा के कारण स्वतः विकसित होता जा रहा है।

## 315 वर्ष पुरानी तपस्थली: धरती से प्रकट हुए जागेश्वरनाथ महादेव और सती माता

**बनवार।** बुंदेलखंड की आस्था को आधार देने वाला ऐसा शिव धाम दमोह जिले के बांदकपुर में स्थित है, जिसके बारे में मान्यता है कि यहां श्रद्धा तीन सौ वर्षों से अखंड रूप से ज्योति की तरह प्रज्वलित है। देवश्री जागेश्वरनाथ महादेव मंदिर वही पवित्र स्थान है, जहां स्वयंभू शिवलिंग और माता सती की प्रतिमा पृथ्वी से प्रकट हुई थी। स्थानीय लोग इसे चमत्कार और दिव्य कृपा मानते हुए बुंदेलखंड की आध्यात्मिक धुरी बताते हैं। लोकश्रुति और उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार सन 1711 में शिवलिंग भूमि गर्भ से स्वयं बाहर आया। इसके साथ माता सती की प्रतिमा भी प्रकट हुई, जो आज भी गर्भगृह में जलहरी के सामने स्थापित है। मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक श्री रामकृपाल पाठक के अनुसार शिवलिंग इतना विशाल है कि श्रद्धालु दोनों हाथों से भेंट चढ़ाने का प्रयास करें तो भी यह भुजाओं में पूरा समा नहीं पाता—इसे आस्था का जीवंत चिह्न माना जाता है। मंदिर संरचना भी अपने आप में विशेष है। गर्भगृह से उत्तर दिशा में संगमरमर के प्राचीन मंदिर में माता पार्वती की प्रतिमा प्रतिष्ठित है। करीब एक मीटर ऊंची प्रतिमा की दृष्टि सीधे जागेश्वरनाथ शिवलिंग की ओर है। श्रद्धालुओं का कहना है कि यहां शिव और शक्ति का समन्वित स्पर्श अनुभव किया जा सकता है। भक्त इस धाम को दक्ष यज्ञ कथा और शक्ति पीठ परंपरा से भी जोड़कर देखते हैं। कहा जाता है कि जागेश्वरनाथ के दर्शन बिना चारधाम यात्रा पूर्ण नहीं मानी जाती। सावन और महाशिवरात्रि पर यहां भक्तों का जनसैलाब उमड़ता है, और पूरा परिसर "हर हर महादेव" की गूंज से भर जाता है। मकर संक्रांति पर नगर में शिव-महिमा अनुरूप घर-घर खिचड़ी बनाने की सामग्री वितरित की जाती है और सामूहिक रूप से पकाकर प्रसाद बांटा जाता है।



# प्रदेश और देश में तेजी से अधोसंरचना विकास कार्य चल रहे हैं-विधायक

## ग्राम बांसा तारखेड़ा में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का हुआ लोकार्पित

**दमोह।** दमोह विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया ने आज ग्राम बांसा तारखेडा में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवास भवन सहित आवास गृहों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा इस भवन और अस्पताल से आमजनों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा देश में बहुत तेजी से अधोसंरचना विकास के कार्य चल रहे हैं, सड़कों के निर्माण का कार्य हो या रेल का निर्माण कार्य हो या रेल पुल हो, हेलीपैड और एयरपोर्ट का निर्माण हो, बस स्टैंड बन रहा हो, शहर की सड़क बन रही है उनका चौड़ीकरण हो रहा हैं। विधायक श्री मलैया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश सड़कों का निर्माण हो गया है, जो सड़के जहां रह गई हैं उनके कार्य भी प्राथमिकता से करने का निर्णय सरकार के द्वारा लिया गया हैं। उन सभी जगह सड़कों के निर्माण कार्य कराए जाएंगे। विधायक श्री मलैया ने कहा कि सभी क्षेत्रों में विकास और निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं। उन्होंने कहा अगले साल मेडिकल कॉलेज जिले में खुल जाएगा, हमारा जिला अस्पताल भी काफी बड़ा बन गया हैं, जिला अस्पताल में डायलिसिस मशीन भी लग गई है, अब यहां के लोगों को डायलिसिस कराने जबलपुर या कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ती हैं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि ग्रामीणजन और सबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# बांदकपुर कॉरिडोर निर्माण कार्यो का जायजा लिया

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बांदकपुर कॉरिडोर निर्माण कार्यो का जायजा लिया। निर्माण कार्यो की प्रगति परअप्रसन्नता व्यक्त करते हुये तय समय-सीमा में गुणवर्त्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री कोचर ने मेन गेट, अप्रोच सड़क, प्लाजा, प्रसाधन, पुलिस सहायता केन्द्र सहित निर्माण कार्यो को निर्धारित समय पर कार्य पूरे करने संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया। इस अवसर पर प्रबंधक पं. रामकृपाल पाठक, एडवोकेट पंकज हर्ष श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री पर्यटन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य अधिकारी एवं मंदिर कमेटी के सदस्यगण मौजूद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आज बांदकपुर कॉरिडोर के निर्माण के लिए प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी जी ने पिछली बार निर्देश दिए थे, उन निर्देशों के पालन की स्थिति और कॉरिडोर के निर्माण की जो पूरी प्रक्रिया चल रही है, उसकी समीक्षा की है। पूरा कॉरिडोर का पथ घूमकर देखा गया। जो-जो इश्यूज आ रहे हैं, जो-जो महत्वपूर्ण मुद्दे हैं उन सब पर चर्चा की गई और सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा प्रयास किया जाएगा हर 15 दिन में यहाँ का भ्रमण किया जाए और हर 15 दिन में इसकी समीक्षा की जाए, ताकि कार्य की प्रगति निर्धारित समय अवधि में और गुणवत्ता के साथ संपन्न हो सके। भ्रमण के दौरा मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भी कलेक्टर के समक्ष अपने सुझाव रखे।



# युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन



**पथरिया।** मंगलवार को स्थानीय लोगों को रोजगार की माँग को लेकर युवा कांग्रेस ने हल्ला बोल रैली निकाली। इसके उपरांत नरसिंहगढ़ स्थित फैक्ट्री प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर प्रमुख मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की माँग की गई। युवा कांग्रेस ने ज्ञापन में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने तथा जिन किसानों की भूमि उत्खनन के लिए अधिगृहण की गई है उन्हें फैक्ट्री में स्थायी नौकरी देने की मांग रखी। इसके साथ ही ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त गरीब परिवारों के मकानों के लिए मुआवजा देने तथा फसिया नाले पर शहीद स्मारक निर्माण की मांग भी उठाई गई। रैली का नेतृत्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष दृगपाल लोधी ने किया। रैली फैक्ट्री प्रबंधन के गेट से प्रारंभ होकर नरसिंहगढ़ बस स्टैंड और मुख्य मार्गों से होते हुए राम मंदिर तक पहुंची। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के नारे लगाए।प्रदर्शन के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। पथरिया नायब तहसीलदार वृंदेश पांडे मौके पर मौजूद रहे और स्थिति पर नजर बनाए रहे। इधर मामले में मीडिया द्वारा फैक्ट्री प्रबंधन का पक्ष जानने की कोशिश की गई तो पुलिस थाना प्रभारी ने पत्रकारों को भीतर जाने की अनुमति नहीं दी।

# अवैद्य शराब के दो प्रकरणों में फरार आरोपी गिरफ्तार

**हटा ।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया एवं एसडीओपी महोदय प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन में हटा टीआई सुधीर कुमार बेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैद्य शराब के प्रकरण में फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। बताया गया कि हटा थाना जिला दमोह अंतर्गत दिनांक 29 जुलाई 2025 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होने उपरांत सूचना तस्दीक सही पाये जाने पर आंगन बाड़ी केन्द्र के बाजू वाले खंडहर ग्राम इटवा हीरालाल से 28 पेटी अवैद्य लाल मसाला व सफेद प्लेन शराब कीमती करीबन 140000 रूपये की जप्त की गई थी। घटना के समय आरोपी त्रिलोक सींग लोधी खंडहर की टूटी खिड़की से कूदकर भाग गया था, जो आरोपी त्रिलोक सींग के विरूद्ध थाना पर अपराध क्र 291/2025 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध होकर विवेचना में था। वही पुनः दिनांक 30 दिसम्बर 2025 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होने उपरांत सूचना तस्दीक सही पाये जाने पर त्रिलोक सींग लोधी अपने घर के सामने लगे, अपने ईट भट्टा के पास अन्य दो लोगो के साथ खड़ा दिखा, जो पुलिस को पास आता देख त्रिलोक सींग लोधी एवं अन्य दो लोग ईंटो के भट्टे से भागने लगे, जिन्हें पुलिस टीम ने पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह अंधेरे में चकमा देकर दौड़कर भाग गये। वही पुलिस ने त्रिलोक सींग के भट्टे की तलाश करने पर भट्टे से 09 पेटी लाल मसाला शराब कीमती 45,000 रुपये की जप्त की गई थी। आरोपी त्रिलोक सींग के विरूद्ध थाना पर अपराध क्र 474/2025 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध होकर विवेचना में था। उपरोक्त दोनो प्रकरणो में फरार आरोपी त्रिलोक सींग लोधी निवासी इटवा हीरालाल को लगातार छापामार कार्यवाही में गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ पर उक्त आरोपी त्रिलोक सींग लोधी द्वारा अपने दोस्त नंदू सींग लोधी के साथ मिलकर शराब बेचने का काम करने संबंधी जुर्म स्वीकार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इस सफल कार्यवाही में उपनिरीक्षक नरेन्द्र तिवारी, उपनिरीक्षक राजा राम धुर्वे, प्रआर दिनेश कुररिया, प्रआर लाल बहादुर, प्रआर कमल ठाकुर, आरक्षक पवन, आरक्षक संजय आठ्या की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## जबेरा की विदारी घाटी पर भीषण सड़क हादसा

**जबेरा।** दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर सामने आया है गत सोमवार -मंगलवार की दरमियानी रात जबेरा के नजदीक विदारी घाटी पर एक बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन टक्कर मार करके फरार हो गया टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही जबेरा पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची एवं शव को कब्जे में लेकर के सुरक्षित रखवाया गया सुबह पंचनामा पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक की पहचान मनोज पिता कृपाल सिंह निवासी पड़रिया बरेला जिला जबलपुर के रूप में की गई है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सोपा गया। बताया जाता है कि मृतक छतरपुर की किसी कंपनी में काम करता था जो की मकर संक्रांति के पर्व पर अपने घर जा रहा था की रास्ते में जबेरा के नजदीक यह हादसा हो गया जिस कारण खुशी का यह त्योहार मातम में बदल गया। रात्रि में हादसा करने के उपरांत अज्ञात वाहन फरार हो गया है जिसकी पुलिस द्वारा तेजी से खोज की जा रही है। ज्ञात हो कि दमोह जबलपुर हाईवे पर मौत का कहर जारी है देखना होगा कि इन सड़क दुर्घटनाओं पर तेज रफ्तार के कारण होने वाले हादसों पर कब और कैसे रोक लगेगी।



## संक्रांति पर बांदकपुर में उमड़ेगा जनसैलाब

**दमोह।** जिले के प्रसिद्ध श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर मंदिर में कॉरिडोर निर्माण एवं मकर संक्रांति मेला के चलते मंदिर ट्रस्ट के पंकज हर्ष श्रीवास्तव साथ कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, प्रबंधक रामकृपाल पाठक द्वारा मेला की व्यस्थाओं का जायजा लिया गया। वहीं पर्यटन के अधिकारियों द्वारा कॉरिडोर निर्माण का गहन निरीक्षण किया गया मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता पंडित रवि शास्त्री ने बताया कि ट्रस्ट के द्वारा श्रद्धालुओ को ठहरने, दर्शन, जल चढ़ाने की व्यवस्था, सहित मंदिर की साज सज्जा व्यवस्थित रुप से कराई गई है. 15 जनवरी गुरुवार को मकर संक्रांति के पुण्य काल के चलते मंदिर के पट प्रातः 5:30 पर खुलेंगे भोग दिन में 12:30 पर लगेगा शाम 6:30 पर श्रंगार होगा एवं 7:15 पर आरती प्रारम्भ होगी। रात्रि 9 बजे ब्यारी प्रसाद के बाद पट बंद होगें।

# कांग्रेस पार्टी को विशेष व्यक्ति की पार्टी न बनायें - रणविजय सिंह लोचव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मनरेगा योजना में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम बदले जाने को लेकर एवं संगठन सृजन अभियान में गति देने को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी रणविजय सिंह लोचव का जिला कांग्रेस कार्यालय दमोह में आगमन हुआ। वहां जिले के चारो विधानसभा के प्रत्याशी ब्लॉक अध्यक्षो मोर्चा संगठनो प्रकोष्ठो के अध्यक्षो एंव कांग्रेस कार्यकर्ताओ से वन टू वन चर्चा करते हुए उन्होनें कहा कि कांग्रेस पार्टी को विशेष व्यक्ति की पार्टी न बनाये जिसने जो जिम्मेदारी ली है वह कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाये संगठन की मजबूती ही उनकी पहली प्राथमिकता है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि जो पंचायत एवं वार्ड कमेटी का गठन किया जाना है वहां प्रत्येक कार्यकर्ता 25-25 व्यक्तियो की समिति बनायें। पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा ने महात्मा गांधी का नाम उन्होनें एक योजना पर से हटाया है हमने जमीनी स्तर पर उनका विरोध नहीं किया तो वह हमारे महापुरूषो का नाम मिटाने की योजना बनायेगे। पूर्व जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में रहते हुए अहंकारी हो गयी है गरीब मजदूर महिलाओ दलित आदिवासियों को लालच देकर उनका वोट हथियाना है। वीरन्द्र दबे, राजेश तिवारी, सुषमा विक्रम सिंह, लक्षमण सिंह, निधि श्रीवास्तव, कमला निषाद, संध्या नायक, रीता लोधी, वीरेन्द्र राजपूत, अभिषेक डिम्हा, अमर सिंह, नितिन मिश्रा, बबलू भट्ट, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, विजय बहादुर, रोहन पाठक, डीपी पटेल, मदन सुमन, परम यादव, प्रदीप पटेल, दिनेश रैकवार, भूपेन्द्र आजवानी, बसंत कुशवाहा, शमीम कुरैशी, उवैद गौरी, रियान खान, अजय जाटव, अभिषेक यादव, केके वर्मा, अरूण दुबे, लाखन सिंह, मंजीत यादव, अरविन्द अवस्थी, रजनी ठाकुर, ने भी सहप्रभारी से मुलाकात कर कहा कि हमें जो भी जिम्मेदारी जिल कांग्रेस ने दी है उसे हम बखूवी निभा रहे है। इस अवसर पर जबेरा से आये रद्युनंदन तिवारी, गोविंद तिवारी, ओपी शर्मा, श्रीकांत पोते, तेन्दुखेड़ा से नीलेश यादव, तुला यादव, मोहन आदिवासी, द्वारका सिंह, अभाना से राजू पांडे नीलेश यादव, डालचंद कुशवाहा, पंकज जैन पथरिया से रावबृजेन्द्र सिंह, प्रदीप पटैल हटा से प्रदीप खटीक, योगेश सराफ एवं नगर के पार्षद पप्पू कसोटया, राजा रौतेला, अमर सिंह, अफजल खान, रफीक खान, जीशान पठान, शैलेन्द्र सिंह, एके चिश्ती, जावेद रोजान ने भी व्यक्तिगत मुलाकात कर उनकी विधानसभा में हो रही समस्याओ एवं संगठन संबंधी बातो से अवगत कराया।

# वन विभाग कार्यालय प्रांगण से सागौन की सिल्लियों की चोरी, जांच के आदेश



**झलौन।** तेंदूखेड़ा उपवन मंडल के अंतर्गत आने वाले क्षलोन वन परिक्षेत्र कार्यालय प्रांगण से सागौन की कीमती सिल्लियों की चोरी का गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कार्यालय प्रांगण में पूर्व से रखी गई सात सागौन की सिल्लियों में से क्रमांक एक और सात नंबर की दो सिल्लियां बीते तीन दिनों के भीतर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गईं। चोरी गई सिल्लियों की कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। यह घटना इसलिए भी चौंकाने वाली है क्योंकि जिस स्थान से सागौन की सिल्लियां चोरी हुई हैं, वह स्वयं वन विभाग का कार्यालय प्रांगण है, जहां रेंजर, डिप्टी रेंजर सहित अन्य वनकर्मी निवासरत रहते हैं। साथ ही यह परिसर वन डिपो के रूप में भी उपयोग में है, जहां रात्रि के समय गेट पर ताला लगाया जाता है। इसके बावजूद कीमती सागौन का चोरी हो जाना विभागीय सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों ने इस घटना पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। क्षेत्र के नागरिक संतोष सिंह, नीरज लोधी, मयंक, सोनू राय सहित अन्य लोगों का कहना है कि यदि वन विभाग अपने कार्यालय प्रांगण की संपत्ति की सुरक्षा नहीं कर पा रहा है, तो जंगलों में स्थित वन संपदा की सुरक्षा पर सहज ही सवाल उठते हैं। उन्होंने दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले पर डिप्टी रेंजर शंकर सिंह ठाकुर ने बताया कि वे वर्तमान में फील्ड पर हैं और रेंजर द्वारा सूचना दी गई है। बीट गार्डों को बुलाकर यह जानकारी ली जाएगी कि कुल कितनी सागौन की सिल्लियां प्रांगण में लाई गई थीं, उसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। वहीं वन परिक्षेत्र अधिकारी क्षलोन सतीश मसीह ने कहा कि सागौन की सिल्ली गोल होने की सूचना मिली है, मामले को दिखवाया जा रहा है। उपवन मंडल अधिकारी प्रतीक दुबे ने कहा कि यदि सागौन की सिल्लियों की चोरी या गोल होने की पुष्टि होती है, तो जिसकी भी अभिरक्षा में सिल्लियां थीं, उससे वसूली की जाएगी। इस संबंध में वन मंडल अधिकारी दमोह ईश्वर जलांडे ने कहा कि सागौन की सिल्लियां रिकॉर्ड में दर्ज होती हैं, पूरे मामले की जानकारी ली जा रही है और जिम्मेदार कर्मचारी से नियमानुसार वसूली की जाएगी। वन विभाग ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं और आश्वासन दिया है कि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

कलेक्टर को वन विभाग की तानाशाही रोकने ज्ञापन सौंपा

# केन बेतवा परियोजना से पीड़ित सियामर सिंगी के आदिवासियों ने भरी हुंकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जन संगठन एकता परिषद के बैनर तले केन बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित ग्राम सियामरसिंगी के वंचित आदिवासियों ने जन सुनवाई मे पहुँच कर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन जिला पंचायत सीईओ प्रतीत फुलपगारे व्दारा लेकर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। इस संबंध में म. प्र.एकता परिषद के जिला अध्यक्ष सुजात खान, मुखिया मकुन्दी आदिवासी , तांतू सिंह ने बताया कि ग्राम सियामरसिंगी पंचायत बछामा ब्लॉक हटा जिला दमोह के आदिवासी वर्षों से सरकार की जमीन पर अपने दादा-परदादा के जमाने से कब्जा करके उस पर कृषि कार्य करते चले आ रहे हैं । इन आदिवासियों के द्वारा शासन-प्रशासन से कई बार भू स्वामित्व हक का पट्टा कृषि कार्य हेतु देने की मांग की गई। वनाधिकार कानून के तहत दावा लगाया गया। लेकिन वंचितों की उस मांग पर आज तक ध्यान नहीं दिया गया। मगर आज इनकी खेती की जमीन को वन विभाग मनमानी,तानाशाही पूर्वक उनसे छीनने पर आमादा है। इनकी जमीन पर जबरदस्ती खखरी, बाड़ी , तारफेंसिगं बनाकर उन्हें बेदखल कर रहा है। झूठे प्रकरणों मे फंसाने की धमकी दी जा रही है। उनका कहना है कि यह जमीन केन बेतवा लिंक परियोजना निर्माण के कारण अब हमे दे दी गई। श्री खान ने कहा कि एक तरफ तो दमोह कलेक्टर जहां सभी लंबित वन अधिकार के दावों एवं भू राजस्व कानून के आवेदनों के निराकरण जिला समन्वयं बैठक कर सुलझाने की बात कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए वन विभाग जिला मे गरीबों को जमीन से बेदखल करने का काम कर रहा है। कलेक्टर खुद बेदखली के आदेश जारी कर रहे हैं।क्षइस कारण जिले भर मे वंचित आदिवासियों एवं वन्य निवासियों में भारी आक्रोश पनप रहा है। ज्ञापन में कलेक्टर से समय सीमा में मांग पूर्ति न होने पर एक बड़े आंदोलन की चेतावनी भी आदिवासियों के द्वारा दी गई है।

इस मौके पर जग्गू आदिवासी, गौरीशंकर, बल्लू आदिवासी, कीरत सिंह आदिवासी ,मानक सिंह,श्यामले, रतन सिंह, हाकम सिंह, हरिराम, गिरजा रानी ,मुलाम सिंह, राधा रानी, अशोक रानी, प्रकाश रानी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद रहे।